# लोक सेवा आयोग
## मध्य प्रदेश

क्रमांक 01/07/2004/परीक्षा दिनॉक :– 02.05.2017

### अनुपयोगी रद्दी विक्रय हेतु निविदा (संक्षिप्त विज्ञप्ति)

01. आयोग कार्यालय की विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित अनुपयोगी प्रश्नपत्रों एवं समाचार पत्रों आदि का विक्रय किया जाना है।

02. उक्त रद्दी विक्रय की शर्ते/धरोहर राशि एवं भावपत्र आयोग की वेबसाईट www.mppsc.com अथवा www.mppsc.nic.in से डाउनलोड की जा सकेगी तथा निविदा शुल्क के रूप में राशि रूपये 200/– (रूपये दो सौ मात्र) का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो कि सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा निरस्त मानी जावेगी।

03. इच्छुक फर्म द्वारा रद्दी क्रय हेतु भाव पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से सचिव, मध्यप्रदेश, लोक सेवा आयोग, रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर, के पते पर दिनांक 23.05.2017 की सायंकाल 05:00 बजे तक जमा किये जा सकेंगे।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर

## अनुपयोगी रद्दी विक्रय की शर्ते

01. आयोग कार्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं से संबंधित पुरानी अनुपयोगी रद्दी प्रश्नपत्र, कॉर्टून तथा समाचार पत्र आदि रद्दी का विक्रय हेतु जहाँ है, जैसी है, हेतु भाव पत्रक प्रति क्विंटल (100 किग्रा.) व पृथक–पृथक लॉट में आयोग कार्यालय, इन्दौर में दिनांक 23.05.2017 की सांयकाल 05:00 बजे तक सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर रेसीडेन्सी एरिया, इन्दौर के पते पर व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक से नियत दिनांक/समय तक पहुँच जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त भाव पत्रक पर विचार नहीं किया जावेगा।

02. रद्दी कार्यालयीन समय में जहाँ है, जैसी रखी हैं, वहाँ से उठाना होगी। रद्दी तुलवाने के लिए थैले, पैकिंग सामग्री, मजदूरी तथा वाहन आदि की व्यवस्था स्वयं क्रेता को करना होगी। इच्छुक क्रेता रद्दी का अवलोकन कार्यालयीन समय में कर सकता है।

03. क्रेता द्वारा पुराने प्रश्नपत्रों की रद्दी की कटिंग कर कार्यालय से प्राप्त कर सीधे फेक्ट्री ले जाकर उसका पल्प बनाया जायेगा और रद्दी अन्य कहीं भी उपयोग में नहीं ली जावेगी, इस आशय का लिखित अभिवचन रूपये 100/– के स्टॉम्प पेपर पर देना होगा।

04. रद्दी क्रय करने वाले क्रेता को "प्राप्त रद्दी की लुग्दी बनाई गई। लुग्दी हेतु रद्दी प्राप्त हुई" का प्रमाण पत्र रद्दी उठाए जाने के 15 दिवस में देना अनिवार्य है, अन्यथा प्रतिभूति राशि राजसात की जावेगी।

05. प्राप्त रद्दी का तौल इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से होगा। आयोग कार्यालय से रद्दी प्राप्त कर उसका तौल किए जाने का व्यय स्वयं क्रेता द्वारा वहन किया जावेगा एवं तौल होने के तत्काल बाद रद्दी की मूल्य की राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जो कि सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग के पक्ष में देय हो, आयोग कार्यालय में जमा कराना होगा।

06. प्रत्येक भावकर्ता को भाव पत्र के साथ प्रतिभूति राशि रूपये 20,000/– (अक्षरी रूपये बीस हजार मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का डी.डी संलग्न करना होगा, जो कि सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर के पक्ष में देय हो।

07. प्रतिभूति राशि भावकर्ता को उसके द्वारा उठाई गई रद्दी एवं रद्दी की सम्पूर्ण राशि जमा हो जाने के पश्चात् वापस लौटाई जावेगी।

08. निविदा शुल्क के रूप में राशि रूपये 200/– (रूपये दो सौ मात्र) का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का बैंक ड्राफ्ट, जो कि सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर के पक्ष में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। बिना निविदा शुल्क के निविदा निरस्त मानी जावेगी।

09. किसी भी प्रकार के विवाद होने पर सचिव, म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा पारित निर्णय सर्वमान्य एवं अन्तिम होगा। जिस पर किसी प्रकार का वाद मान्य नहीं होगा।

10. किसी भी भाव पत्र को निरस्त करने का अधिकार सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर को होगा।

11. भावपत्र दिनांक 25.05.2017 को दोपहर 03:00 बजे समिति के सदस्यों एवं निविदाकर्ता अथवा निविदाकर्ताओं द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेंगे, जिस फर्म को निविदा के द्वारा मान्य किया जावेगा, उसे रद्दी तत्काल (एक सप्ताह की अवधि में) उठाना होगी, अन्यथा प्रतिभूति राशि राजसात कर ली जावेगी।

(कु. कमला कुन्हारा)
अनुभाग अधिकारी (भण्डार)

# म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

## भाव पत्र

आयोग कार्यालय की अनुपयोगी रद्दी क्रय हेतु निम्नानुसार प्रारूप में संस्था के लेटर पेड पर अथवा व्यक्तिगत नाम से जानकारी सहित दरें अंकित करें :–

01. रद्दी क्रेता का पूरा नाम :– ______________________

02. पिता का पूरा नाम :– ______________________

03. पत्र व्यवहार हेतु पूरा पता :– ______________________
______________________

04. फोन एवं मोबाईल नम्बर :– ______________________

05. संस्था अथवा स्वयं का PAN नम्बर :– ______________________
TIN नम्बर :– ______________________

06. राष्ट्रीयकृत बैंक का डी.डी. क्रमांक एवं दिनांक तथा राशि ______________________
______________________

07. रद्दी के भाव :–

| स.क्र. | रद्दी का विवरण | दर (प्रति क्विंटल में) |
|---|---|---|
| 01. | (अ) अनुपयोगी प्रश्नपत्र | ______________ |
| | (ब) अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकाएँ | ______________ |
| 02. | कॉर्टून / पुष्ठा | ______________ |
| 03. | (अ) समाचार पत्र | ______________ |
| | (ब) अन्य | ______________ |

08. निविदा की समस्त शर्तें यथा मान्य है।

स्थान :– ______________

रद्दी क्रेता के हस्ताक्षर

दिनांक :– ______________